भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1670

मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

मुर्शिदाबाद सिल्क थान के लिए जीआई टैग

1670. श्री यूसुफ पठानः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मुर्शिदाबाद सिल्क थान के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग हेतु आवेदन की स्थिति क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यह आवेदन भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री के समक्ष कितनी अवधि से लंबित पड़ा हुआ है और इसके लंबित पड़े रहने के क्या कारण हैं; और

(ग) इसे जीआई टैग कब तक मिलने की संभावना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग): भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री में "मुर्शिदाबाद सिल्क" के भौगोलिक संकेतक पंजीकरण हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ है, जो चंद्रकांता ललितमोहन रेशम खादी समिति, ग्राम: इस्लामपुर, डाकघर: खागड़ा, जिला: मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल द्वारा दिनांक 13 जनवरी, 2023 को दायर किया गया है। इस आवेदन को आवेदन संख्या 1044 प्रदान की गई है।

दिनांक 07 फरवरी, 2023 को आवेदक को प्रारंभिक परीक्षण रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें आवेदक को यह कहा गया था कि आवेदन में पाई गई कमियों को रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख से एक माह के भीतर सुधारा जाए। इस प्रारंभिक परीक्षण रिपोर्ट का उत्तर आवेदक द्वारा दिनांक 30 सितंबर, 2024 को प्रस्तुत किया गया।

तदनुसार, माल का भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) नियम, 2002 के नियम 33 के अंतर्गत विशेषज्ञ समिति द्वारा इस आवेदन के मूल्यांकन हेतु दिनांक 20 नवंबर, 2024 को परामर्शदाता समूह की बैठक

आयोजित की गई तथा दिनांक 22 नवंबर, 2024 को परीक्षण रिपोर्ट जारी की गई।

उक्त आवेदन को अब दिनांक 26 नवंबर, 2025 के भौगोलिक संकेतक जर्नल संख्या 210 में प्रकाशित किया गया है, जिसमें विज्ञापन की तारीख से चार माह के भीतर, अर्थात् 25 मार्च, 2026 तक, आम जनता से आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। यदि उक्त अवधि के भीतर कोई आपत्ति दायर नहीं की जाती, तो जीआई आवेदन पर पंजीकरण की प्रक्रिया हेतु कार्रवाई शुरू की जाएगी।

*****